# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in


क्रमांक : प.07(130)मगंसिविबी/शैक्षणिक/2021/

दिनांक :

श्रीमान् आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)

विषय : वर्ष 2020-21 के वार्षिक/प्रशासनिक प्रतिवेदन के सम्बन्ध में।
प्रसंग : आपका पत्रांक 564 दिनांक 24-12-2020।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र सम्बन्ध में निवेदन है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का वर्ष 2020-21 वार्षिक/प्रशासनिक प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

भवदीय,

कुलसचिव

क्रमांक : प.07(130)मगंसिविबी/शैक्षणिक/2021/15-17

दिनांक : 08/01/2021

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत -

1. निजी सचिव-कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग, राज. सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर ।

उप कुलसचिव, शैक्षणिक

Scanned with CamScanner

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in


# वार्षिक/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन

# 2020-21





Scanned with CamScanner

1. **संक्षिप्त इतिहास** : बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर की स्थापना बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 13) के राजस्थान राजपत्र विशेषांक भाग 4 (क) दिनांक 07 जून, 2003 के द्वारा हुई। बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) में अंकितानुसार इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में बीकानेर संभाग के चार जिले यथा बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू सम्मिलित हैं। राजस्थान राजपत्र क्रमांक F. 4 (14) Vidhi/ 2/ 2008 dated October 03, 2008 (राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 02-10-2008) के द्वारा बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर का नाम परिवर्तित कर **महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर** किया गया। उल्लेखनीय है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में सम्मिलित क्षेत्र का भू-भाग भौगोलिक दृष्टि से रेगिस्तानी एवं पाकिस्तान सीमावर्ती होने के साथ-साथ शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है।

इस विश्वविद्यालय ने अपना औपचारिक कार्य तत्कालीन विशेषाधिकारी श्री एम.एम. व्यास, आर.ए.एस. के द्वारा 13.06.2003 को कार्यभार ग्रहण करने के साथ प्रारम्भ किया। प्रथम कुलपति के रूप में प्रो. होशियार सिंह ने 21.08.2003 को कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय में पदस्थापित नियमित कुलपतियों के कार्यकाल का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.स. | नाम | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. होशियार सिंह | 21.08.2003 | 11.01.2006 |
| 2 | डॉ. सी.बी. गेना | 08.08.2006 | 31.05.2009 |
| 3 | प्रो0 गंगाराम जाखड़ | 12.12.2009 | 11.12.2012 |
| 4 | प्रो. चन्द्रकला पाडिया | 15.11.2013 | 14.11.2016 |
| 5 | प्रो. भगीरथ सिंह | 04.02.2017 | 03-02-2020 |
| 6 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | 29-07-2020 | लगातार |

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2020 तक की मुख्य परीक्षाएं सफलता पूर्वक आयोजित करवाई जा चुकी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा वर्ष 2018 तक के स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओं में सफलतम अभ्यर्थियों एवं 31 जनवरी, 2018 से 31 दिसम्बर, 2018 तक शोध कार्य पूर्ण करने वाले शोधार्थियों को दीक्षान्त समारोह आयोजित कर उपाधि प्रदान की जा चुकी हैं।

विश्वविद्यालय की स्थापना के समय महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त 67 महाविद्यालय, इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थानान्तरित हुए। कालांतर में निजी महाविद्यालयों की संख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई तथा वर्तमान में **449** महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं जिनमें से 35 राजकीय एवं 414 निजी महाविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2011-12 से पांच विभाग यथा इतिहास, अंग्रेजी, पर्यावरण विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर विज्ञान संचालित हैं तथा सत्र 2019-20 से विधि विभाग प्रारम्भ किया है जिसमें विधि स्नातक एवं पांच वर्षीय विधि इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2020 में 03 नवीन विभाग यथा भूगोल, वाणिज्य एवं प्रबन्धन तथा फाइन आर्ट्स (ड्राईग एण्ड पेन्टिंग ) स्वीकृत किये गए । विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2020-21 से भूगोल तथा फाइन आर्ट्स विषय (ड्राईग एण्ड पेन्टिंग ) प्रारम्भ किये गए।



Scanned with CamScanner

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित नवीन सेन्टर/सेल का गठन किया गया है जो क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं :-

1. पं. मदन मोहन मालवीय सेन्टर फॉर वैल्यू एज्युकेशन
2. सेन्टर फॉर एडवांस स्टडीज ऑफ थार डेजर्ट
3. सेन्टर फॉर वूमन स्टडीज
4. सेन्टर फॉर मार्जिनल सोसायटी (नामकरण –2019 डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेन्टर फॉर **मार्जिनलाईज्ड सोसायटी** ) किया गया
5. सेन्टर फॉर एन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड स्किल डवलपमेंट
6. सेन्टर फॉर गॉधीयन स्टडीज : पीस एण्ड नॉन वाईलेन्स
7. सेन्टर फॉर म्युजियम एण्ड डॉक्यूमेंटेशन




Scanned with CamScanner

**2. <u>जनशक्ति</u> :**

वर्तमान में प्रो. विनोद कुमार सिंह, कुलपति एवं श्री आर.डी. बारठ (राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी) कुलसचिव पद पर पदासीन हैं। विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय संगठन का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढांचा निम्नानुसार है :-

**विश्वविद्यालय संगठन**






Scanned with CamScanner

## प्रबन्ध बोर्ड की संरचना

| क्र. स. | नाम | पदनाम | पद | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | कुलपति | अध्यक्ष | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 2 | | सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 3 | | सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 4 | | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान | पदेन सदस्य | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर |
| 5. | डॉ. मीनू पूनिया | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | संकायाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्राचार्य, डी.ए.वी. पी.जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 6. | प्रो. राजाराम चोयल | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | संकायाध्यक्ष- विज्ञान आचार्य-पर्यावरण विज्ञान महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 7. | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | विभागाध्यक्ष - अंग्रेजी महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 8. | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | विभागाध्यक्ष-पर्यावरण विज्ञान महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 9. | प्रो. लक्ष्मी शर्मा | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | फ्लेट न. 102, सूर्या नगर, तिलक नगर, जयपुर। |
| 10. | प्रो. कृपा शंकर तिवाड़ी | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | 12, सौम्य इनक्लेव, कोलर रोड़, चूना भट्टी, भोपाल (म.प्र.) |
| 11. | डॉ. भगवाना राम विश्नोई | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य | सदस्य | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 12. | डॉ. अनन्त जोशी | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित राजकीय | सदस्य | प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. विधि |



h

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | महाविद्यालय प्राचार्य | | महाविद्यालय, बीकानेर |
| 13. | श्रीमती कृष्णा पूनियां | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | माननीय विधायक-सादुलपुर 297, कृष्णा निवास, वार्ड न. 14, राजगढ, जिला-चूरू (राज.) |
| 14. | श्री जगदीश चन्द्र जांगिड | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | माननीय विधायक-सादुलशहर वार्ड न. 3, रेलवे क्रॉसिंग के पास, सादुलशहर जिला-श्रीगंगानगर (राज.) |
| 15. | प्रो. विनोद चन्द्र | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | सह आचार्य, लखनऊ विश्वविद्यालय 204 लैण्डमार्क अपार्टमेन्ट, न्यू हैदराबाद, लखनऊ (उत्तरप्रदेश ) |
| 16. | डॉ. एन.एस. बिस्सा | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | एफ-714, जवाहर कला केन्द्र के पीछे, गांधी नगर, जयपुर (राज.) |
| 17 | श्री आर.डी. बारठ | कुलसचिव | सदस्य सचिव | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |

**विद्या परिषद की संरचना**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | अध्यक्ष | कुलपति | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 2 | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | सदस्य | संकायाध्यक्ष-कला | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 3 | प्रो. राजाराम चोयल | सदस्य | संकायाध्यक्ष-विज्ञान | पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 4 | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | सदस्य | अतिरिक्त प्रभार, संकायाध्यक्ष-सामाजिक विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 5 | डॉ. वी.एन. सिंह | सदस्य | संकायाध्यक्ष-विधि | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) |
| 6 | डॉ. मीनाक्षी मिश्रा | सदस्य | संकायाध्यक्ष-शिक्षा | भारती शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय,श्रीगंगानगर |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | डॉ. मीनू पूनिया | सदस्य | संकायाध्यक्ष वाणिज्य | प्राचार्य, डी.ए.वी. पी.जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 8 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | सदस्य | आचार्य, विज्ञान संकाय | विभागाध्यक्ष, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 9 | | सदस्य | शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग | राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर |
| 10 | | सदस्य | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर |
| 11 | डॉ. संध्या जैन | सदस्य | संयोजक - वनस्पतिशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 12 | डॉ. विजय श्री | सदस्य | संयोजक - रसायनशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 13 | डॉ. ज्योति लखाणी | सदस्य | संयोजक - कम्प्यूटर विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 14 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | सदस्य | संयोजक -पर्यावरण विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 15 | डॉ. शिशिर शर्मा | सदस्य | संयोजक- भूगर्भ विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 16 | डॉ. रचना माथुर | सदस्य | संयोजक- गणित | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर । |
| 17 | डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी | सदस्य | संयोजक-सूक्ष्म जीव विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 18 | डॉ. रविन्द्र मंगल | सदस्य | संयोजक-भौतिक विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय एम.एल. बी. महाविद्यालय, बीकानेर |
| 19 | डॉ. मीरा श्रीवास्तव | सदस्य | संयोजक-प्राणीशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 20 | डॉ. सीमा शर्मा | सदस्य | संयोजक- अंग्रेजी | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | डॉ. शालिनी मूलचंदानी | सदस्य | संयोजक-हिन्दी | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 22 | डॉ. नन्दिता सिंघवी | सदस्य | संयोजक- संस्कृत | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 23 | डॉ. सुमित्रा चारण | सदस्य | संयोजक-दर्शनशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 24 | डॉ. नरेन्द्र नाथ | सदस्य | संयोजक - राजनीति विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 25 | डॉ. आर.सी. श्रीवास्तव | सदस्य | संयोजक - भूगोल | राजकीय बी.आर.ए. पी. जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) |
| 26 | डॉ. बी.एस. रतन | सदस्य | संयोजक अर्थशास्त्र | राजकीय बी.आर.ए. पी. जी. महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) |
| 27 | डॉ. इन्दिरा गोस्वामी | सदस्य | संयोजक- गृह विज्ञान | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर (राज.) |
| 28 | डॉ. इन्द्रसिंह राजपुरोहित | सदस्य | संयोजक- चित्रकला | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 29 | डॉ. श्याम सुन्दर ज्याणी | सदस्य | संयोजक-समाजशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 30 | डॉ. साधना भण्डारी | सदस्य | संयोजक-लोक प्रशासन | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 31 | डॉ. अम्बिका ढाका | सदस्य | संयोजक-इतिहास | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर । |
| 32 | डॉ. डी.एस. पूनियां | सदस्य | संयोजक-एबीएसटी | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू |
| 33 | डॉ. पंकज जैन | सदस्य | संयोजक-व्यवसायिक प्रशासन | बी.जे.एस.आर. जैन महाविद्यालय, बीकानेर (राज.) |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | डॉ. मदन सिंह पूनिया | सदस्य | संयोजक-ई.ए.एफ.एम. | राजकीय बी.आर.ए. महाविद्यालय,श्रीगंगानगर। |
| 35 | डॉ. भगवाना राम विश्नोई | सदस्य | संयोजक - विधि | राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 36 | डॉ. सतपाल स्वामी | सदस्य | संयोजक - शिक्षा | गीता सह शिक्षा टी.टी. कॉलेज, घडसाना |
| 37 | डॉ. यशवंत गहलोत | सदस्य | संयोजक-शारीरिक शिक्षा | शारीरिक शिक्षा, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 38 | डॉ. ई. ए. हैदरी | सदस्य | संयोजक - उर्दू | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू |
| 39 | डॉ. रिषभ जैन | सदस्य | संयोजक - संगीत | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 40 | डॉ. नरेश पंवार | सदस्य | संयोजक- जीव तकनीकी | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 41 | डॉ. अमर सिंह | सदस्य | संयोजक सैन्य विज्ञान | राजकीय एन.डी.बी. महाविद्यालय, नोहर |
| 42 | डॉ. प्रकाश अमरावत | सदस्य | संयोजक - राजस्थानी | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 43 | श्रीमती धनवन्तरी विश्नोई | सदस्य | संयोजक - जी.पी.ई. एम. | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 44 | डॉ. कमलेश खत्री | सदस्य | संयोजक - पंजाबी | एस.जी.एन. कन्या महाविद्यालय, केसरीसिंहपुर |
| 45 | डॉ. देवीशंकर | सदस्य | संयोजक - जे.वी.जे.वी. | राजकीय एस.बी.डी. महाविद्यालय, सरदारशहर |
| 46 | प्रो. ए.वी. सिंह मदनावत | सदस्य | संयोजक - मनोविज्ञान | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |
| 47 | श्री उमेश शर्मा | सदस्य | संयोजक | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 48 | डॉ. श्रवण सैनी | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य-राजकीय महा. | राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू |
| 49 | डॉ. बी.एल. विश्नोई | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य-निजी महा. | ज्ञान विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 50 | प्रो. हेरंब चतुर्वेदी | सदस्य | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा मनोनीत सदस्य | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 51 | डॉ. अभिषेक वशिष्ठ | सदस्य | कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत शिक्षक | सूक्ष्म जीव विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 52 | डॉ. एच.आर. नियाजी | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | मीर जी का बाग, संसार चन्द्र रोड़, जयपुर |
| 33 | डॉ. निधि अग्रवाल | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर (राज.) |
| 54 | श्री आर.डी. बारठ | सदस्य सचिव | कुलसचिव | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |



Scanned with CamScanner

## अधिकारी

| क्र. स. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. विनोद कुमार सिंह | कुलपति |
| 2. | श्री आर.डी. बारठ | कुलसचिव |
| 3. | श्री संजय धवन | वित्त नियंत्रक |
| 4. | श्री कुलदीप जैन | सम्पदा अधिकारी |
| 5. | डॉ. अभिषेक वशिष्ठ | अधिष्ठाता-छात्र कल्याण |

## स्नातकोत्तर शैक्षणिक विभाग

| क्र.स. | विभाग | नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 2. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 3. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 4. | | डॉ. सीमा शर्मा | सहायक आचार्य |
| 5. | | डॉ. प्रगति सोबती | सहायक आचार्य |
| 6. | | श्रीमती संतोष कंवर शेखावत | सहायक आचार्य |
| 7. | पर्यावरण विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 8. | | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 9. | | प्रो. राजाराम चोयल | आचार्य |
| 10. | | डॉ. अनिल कुमार दुलार | सहायक आचार्य |
| 11. | | डॉ. प्रभुदान चारण | सहायक आचार्य |
| 12. | | डॉ. लीला कौर | सहायक आचार्य |
| 13. | सूक्ष्म जीव विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 14. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 15. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 16. | | डॉ. गौतम मेघवंशी | सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 17. | | डॉ. धर्मेश हरवानी | सहायक आचार्य |
| 18. | | डॉ. अभिषेक वशिष्ठ | सहायक आचार्य |
| 19. | कम्प्यूटर विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 20. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 21. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 22. | | डॉ. ज्योति लखाणी | सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 23. | | श्री फौजा सिंह | सहायक आचार्य |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | | श्री अमरेश कुमार सिंह | सहायक आचार्य |
| 25. | इतिहास | रिक्त | आचार्य |
| 26. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 27. | | रिक्त | सह-आचार्य |
| 28 | | डॉ. अम्बिका ढाका | सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 29. | | डॉ. मेघना शर्मा | सहायक आचार्य |
| 30. | | रिक्त | सहायक आचार्य |
| 31 | विधि | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 32 | | रिक्त | सह आचार्य- 02 पद |
| 32 | | रिक्त | सहायक आचार्य- 08 पद |
| 33 | भूगोल | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 34 | | रिक्त | सह-आचार्य (02 पद) |
| 35 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 36 | वाणिज्य एवं प्रबन्धन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 37 | | रिक्त | सह-आचार्य (02 पद) |
| 38 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 39 | फाइन आर्ट्स (ड्राईग एण्ड पेन्टिंग) | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 40 | | रिक्त | सह-आचार्य (02 पद) |
| 41 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |



Scanned with CamScanner

विश्वविद्यालय स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की पदवार स्थिति :

**1. प्रशासनिक पद**

| पद का नाम | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| कुलपति | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| कुलसचिव | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| वित्त नियंत्रक | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| कुल | 3 | 0 | 3 | 3 | 0 |

**2. शैक्षणिक पद**

| विभाग एवं पद का नाम | | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इतिहास | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 |
| अंग्रेजी | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| सूक्ष्मजीव विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| पर्यावरण विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 2 | 0 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| विधि | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 8 | 8 | 0 | 8 |
| भूगोल | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |



Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वाणिज्य एवं प्रबन्धन | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| ड्राईग एण्ड पेन्टिंग | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| कुल | | **10** | **50** | **60** | **17** | **43** |

**3. अशैक्षणिक पद**

| पद का नाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| निदेशक शोध | 1 | 0 | 1 |
| परीक्षा नियंत्रक | 1 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त कुलसचिव | 1 | 0 | 1 |
| उप कुलसचिव | 4 | 2 | 2 |
| एनालिस्ट कम प्रोग्रामर | 1 | 0 | 1 |
| सहायक कुलसचिव | 6 | 4 | 2 |
| अधिष्ठाता छात्र कल्याण | 1 | 0 | 1 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | 0 |
| सहायक निदेशक (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | 0 |
| सम्पदा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| प्रोग्रामर | 2 | 0 | 2 |
| जन सम्पर्क अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| निजी सचिव-कुलपति | 1 | 1 | 0 |
| लेखाधिकारी (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| अनुभाग अधिकारी | 16 | 4 | 12 |
| वरिष्ठ निजी सहायक | 2 | 2 | 0 |
| निजी सहायक | 4 | 1 | 3 |
| स्टेनो ग्रेड-द्वितीय | 5 | 0 | 5 |
| विधि रचनाकार | 1 | 0 | 1 |
| वरिष्ठ तकनीकी सहायक (पुस्तकालय) | 1 | 0 | 1 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 | 2 | 0 |
| सूचना सहायक/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 3 | 0 | 3 |
| मैनेजर गेस्ट हाउस | 1 | 1 | 0 |
| सहायक लेखाधिकारी-1 (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| सहायक लेखाधिकारी-2 (राज्य सरकार द्वारा | 1 | 0 | 1 |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| पदस्थापन) | | | |
| कनिष्ठ लेखाकार (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 4 | 4 | 0 |
| कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | 1 | 0 | 1 |
| कार्यालय सहायक | 15 | 5 | 10 |
| वरिष्ठ लिपिक | 29 | 25 | 4 |
| प्रयोगशाला सहायक | 4 | 3 | 1 |
| तकनीकी सहायक | 6 | 6 | 0 |
| कनिष्ठ लिपिक | 43 | 25 | 18 |
| इलैक्ट्रीशियन | 1 | 0 | 1 |
| प्लम्बर | 1 | 0 | 1 |
| ड्राईवर | 6 | 4 | 2 |
| बुक/रिकार्ड लिफ्टर | 2 | 0 | 2 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 25 | 0 | 25 |
| लेब बॉय | 4 | 0 | 4 |
| **योग** | **204** | **96** | **108** |



Scanned with CamScanner

3. <u>वित्तीय स्थिति :-</u>

आय एवं व्यय विवरण - 2020-21 (बजट)

| आय | | राशि लाखों में |
|---|---|---|
| क्र.स. | अनुदान प्राप्ति के स्रोत | 2020-21 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से | |
| | 1. प्लान | 0.00 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.00 |
| | योग क (1+2) | 0.00 |
| ख | विश्वविद्यालय की स्वयं की आय से | 8531.30 |
| | योग (क+ख) | **8531-30** |
| (परीक्षा, सम्बद्धता, खेलकूद, प्रवेश शुल्क एवं बैंक में जमा राशि के ब्याज से विश्वविद्यालय की आय) | | |

| व्यय | | राशि लाखों में |
|---|---|---|
| क्र.स. | खर्चो का मद | 2020-21 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान से व्यय | |
| | 1. प्लान | 14.60 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.02 |
| | योग क (1+2) | **14.62** |
| ख | विश्वविद्यालय की आय से व्यय | 11753.62 |
| | योग (क+ख) | **11753.62** |

नोट : वर्ष 2020-21 के आय-व्यय के संशोधित अनुमान की गणना मार्च, 2021 में की जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 का आय-व्यय अनुमान की रूपरेखा भी आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट के साथ प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान 14.60 लाख रू. ऑनलाईन पी.डी. पेमेन्ट एडवाईस जनरेट करने हेतु बजट मॉड्यूल पर विश्वविद्यालय के नाम से ऑफिस आई.डी. एवं बजट हैड आवंटित नहीं होने के कारण पूर्व के वर्षो में वय नहीं किया जा सका था। चूंकि राज्य सरकार द्वारा उक्त आई.डी. एवं पासवर्ड इस वर्ष जारी किये जा चुके है। अतः राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि में से शेष राशि 14.60 लाख का व्यय कुलपति निवास के शेष रहे दायित्व पर किया जाना प्रस्तावित है।

- विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2003-04 से वित्तीय वर्ष 2018-19 तक के लेखों का महालेखा परीक्षा द्वारा ऑडिट किया जा चुका है।



Scanned with CamScanner

4. **विश्वविद्यालय के विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के नामांकन :**

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का कोई भी संघटक महाविद्यालय नहीं है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा 09 विभाग एवं स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। वर्ष 2020-21 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या निम्नानुसार है :-

**विभागों में विद्यार्थियों की संख्या**

| क्र. स. | विभाग | सेमेस्टर -प्रथम | सेमेस्टर-तृतीय | एम. फिल. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **कम्प्यूटर विज्ञान विभाग** | | | | |
| | एमएससी. कम्प्यूटर विज्ञान | - | 29 | - | |
| | एम.एससी. साईबर सिक्योरिटी | - | 15 | - | |
| | पी.जी.डी.सी.ए. | - | - | - | |
| | एम.एससी. कम्प्यूटर विज्ञान लेट्रल एन्ट्री | - | - | - | |
| 2 | **सूक्ष्म जीव विज्ञान** | | | | |
| | एम.एससी. सूक्ष्म जीव विज्ञान | - | 24 | - | 24 |
| 3 | **पर्यावरण विज्ञान विभाग** | | | | |
| | एमएससी. पर्यावरण विज्ञान | - | 20 | - | 38 |
| | पी.जी. डिप्लोमा इन जोइन्फोमेटिक्स एण्ड रिमोट सेन्सिंग | - | - | - | |
| 4 | **इतिहास विभाग** | | | | |
| | एम.ए. इतिहास | - | 17 | 0 | |
| | एम.ए. आर्कियोलोजी | - | 07 | 0 | |
| | एम.ए. वंशावली | - | 10 | 0 | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) प्रथम वर्ष | - | 80 | 0 | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) द्वितीय वर्ष | - | 137 | 0 | |
| | बी.ए. ऑनर्स (इतिहास) तृतीय वर्ष | - | 96 | 0 | |
| 5 | **अंग्रेजी विभाग** | | | | |



Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | एम.ए. अंग्रेजी | - | 13 | - | 13 |
| | पी.जी. डिप्लोमा इन ट्रान्सलेशन | - | - | - | - |
| 6 | **विधि विभाग** | | | | |
| | पी.जी. डिप्लोमा इन लीगल एण्ड फोरेन्सिक सांइस | - | - | - | |
| | एल एल.एम. पार्ट प्रथम | | | | |
| | एल एल.एम. पार्ट द्वितीय | - | - | - | |
| | विधि स्नातक प्रथम वर्ष | | | | |
| | विधि स्नातक द्वितीय वर्ष | - | - | - | |
| | पांच वर्षीय इन्टीग्रेटेड एल एल.बी.(सेमेस्टर प्रथम) | 45 | | | |
| | पांच वर्षीय इन्टीग्रेटेड एल एल.बी.(सेमेस्टर द्वितीय) | 37 | - | - | - |
| 7 | **भूगोल विभाग** | - | - | - | - |
| | एम.ए. भूगोल | - | **04** | - | - |
| | बी.ए./बी.एससी. ऑनर्स भूगोल | B.A. 38 | **B.A. 51**<br>**B.Sc. 06** | | |
| 8 | **फाइन आर्ट्स विभाग** | | | | |
| | एम. ए. ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग | - | - | - | - |

**<u>स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की संख्या</u>**

| क्र. स. | पाठ्यक्रम | पूर्वार्द्ध | उत्तरार्द्ध |
|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थानी | | 09 |
| 2 | लाईब्रेरी एण्ड इन्फोरमेंशन साइंस | | |

**<u>उद्यमिता एवं कौशल विकास केन्द्र के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या</u>**

| क्र.स. | पाठ्यक्रम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा कोर्स ऑफ योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 62 |
| 2 | बी.एससी. इन योगिक विज्ञान (प्रथम वर्ष) | 13 |
| 3 | बी.एससी. इन योगिक विज्ञान (द्वितीय वर्ष) | 05 |
| 4 | बी.एससी. इन योगिक विज्ञान (तृतीय वर्ष) | – |
| 5 | एम.एससी. इन योगिक विज्ञान (पूर्वार्द्ध) | 13 |
| 6 | एम.एससी. इन योगिक विज्ञान (उत्तरार्द्ध) | 05 |

(नोट : स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम, पूर्वार्द्ध एवं एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। )



Scanned with CamScanner

**5. <u>वित्तीय प्रबन्ध</u> :**

विश्वविद्यालय को मुख्यतः परीक्षा शुल्क, सम्बद्धता शुल्क एवं विश्वविद्यालय की जमा राशि पर ब्याज से आय प्राप्त होती है। वर्ष 2019-20 में निम्नलिखित मदों में आय का प्रावधान रखा गया है :-

| क्र. स. | मद | प्रावधान राशि अनुमानित (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क एवं नामाकंन | 5100.00 |
| 2 | सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क | 850.00 |
| 3 | पुनर्मूल्याकंन शुल्क | 350.00 |
| 4 | विभिन्न प्रपत्र | 6.00 |
| 5 | माईग्रेसन शुल्क | 13.50 |
| 6 | पीएच.डी. पंजीयन शुल्क | 10.00 |
| 7 | प्रोविजनल सर्टिफिकेट | 1.50 |
| 8 | एफ.डी. पर ब्याज | 2000.00 |
| 9 | किराया गेस्ट हाउस, बैंक भवन एवं केन्टिन) | 7.00 |
| 10 | विश्वविद्यालस वाहनों से प्राप्ति | 3.00 |
| 11 | विविध प्राप्तियां | 70.00 |
| 12 | उपयोग उत्तरपुस्तिका एवं रद्दी | 35.00 |
| 13 | खेलकूद शुल्क | 15.00 |
| 14 | प्रवेश शुल्क | 40.00 |
| 15 | रायल्टी से प्राप्त | 0.30 |
| 16 | एस.एफ.एस. कोर्स से प्राप्त आय | 30.00 |
| | कुल आय | **8531.30** |

विश्वविद्यालय कोष में उपलब्ध राशि को राष्ट्रीयकृत बैंक (पंजाब नेशनल बैंक) में सावधी जमा करा रखी है। उक्त सावधी जमा राशि से प्राप्त ब्याज राशि से दैनिक खर्चों एवं संस्थागत विकास के कार्यों में उपयोग में ली जाती है।



Scanned with CamScanner

## 6. वर्ष 2020-21 की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

### शैक्षणिक उन्नयन

- राजस्थान सरकार द्वारा सत्र 2019 में विश्वविद्यालय में तीन नवीन विभाग यथा भूगोल, वाणिज्य एवं प्रबन्धन तथा फाईन आर्ट्स (ड्राईग एण्ड पेन्टिंग) की शैक्षिक पदों सहित स्वीकृति प्रदान की गई।
- पांच वर्षीय बी.ए. एल एल. बी. इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम प्रारम्भ : बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया की अनुमति से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में पांच वर्षीय बी. ए. एल एल.बी. इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है । यह पाठ्यक्रम संचालित करने वाला संभाग का एकमात्र संस्थान है। साथ ही त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम भी पुनः प्रारम्भ किया गया है।
- विश्वविद्यालय से वर्तमान में 449 महाविद्यालय सम्बद्धता प्राप्त है। सत्र 2020-21 के लिए 22 नवीन महाविद्यालयो को सम्बद्धता प्रदान की गई।
- विश्वविद्यालय द्वारा इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम (एक साथ तीन/दो वर्ष) के लिए तैयार करवाये गए हैं जिनमें मेधावी छात्रों, स्कूल शिक्षकों एवं महाविद्यालय शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय अध्ययन मण्डल सदस्यों के सुझावों को सम्मिलित किये गए है।
- विश्वविद्यालय स्तर पर सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में ग्रेडिंग प्रणाली लागू की गई, जिसकी मूल अवधारणा मूल्याकंन की कमियों को दूर कर विद्यार्थियों का मूल्याकंन स्तर सुधारना है।
- कोविड-19 की परिस्थितियों के कारण विद्यार्थियों को अनवरत अध्ययन कराने के लिए ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है।
- 29 जून, 2020 को आयोजित विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 19वीं बैठक में आगामी सत्र 2020-21 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर में आनन्दम पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया।

### अनुसंधान की गुणवत्ता

- कोविड-19 परिस्थितियों के कारण ऑनलाईन मौखिक परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।
- शोधग्रन्थ जमा कराने की अवधि जो दिसम्बर, 2020 तक पूर्ण हो रही थी ऐसे शोधार्थियों के लिए 30 जून, 2021 तक शोधग्रन्थ जमा कराने की अवधि बढ़ाई गई।



Scanned with CamScanner

## परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम

- ❖ सत्र 2019-20 (परीक्षा 2020) में 4.07 लाख विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा सम्मिलित हुए।
- ❖ वर्तमान में 160 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही है। परीक्षा 2020 के लिए 04 नवीन परीक्षा केन्द्र स्वीकृत किये गए।
- ❖ विश्वविद्यालय में सीमित संसाधन, अत्यल्प संख्या में कार्यरत स्टॉफ, दूरस्थ रेगिस्तानी भू-भाग के लगभग 400 कि.मी. की दूरी तक स्थापित 160 परीक्षा केन्द्रों से उत्तरपुस्तिकाएं एकत्र कर उनका मूल्याकंन करवाने की कठिन चुनौती के बावजूद भी राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोविड-19 के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराते हुए 28 अक्टूबर, 2020 तक अंतिम वर्षो की 66 कक्षाओं की परीक्षा आयोजित कर दिनांक 30 नवम्बर, 2020 तक समस्त परिणाम जारी कर दिये है।
- ❖ परीक्षा 2020 के पुनर्मूल्याकंन के परिणाम दिनांक 31 दिसम्बर, 2020 तक घोषित किये जा चुके है।
- ❖ उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्याकंन में पूर्ण पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाये रखने हेतु "बार कोडिंग सिस्टम" प्रणाली लागू की गई है जिसमें उत्तरपुस्तिकाओं से रोल नम्बर अंकित फ्लैप हटाकर काल्पनिक नम्बर अंकित करवाकर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्याकंन करवाया गया। विश्वविद्यालय द्वारा नवीनतम तकनीकी का उपयोग करते हुए उत्तरपुस्तिका मूल्याकंन पश्चात् ऑनलाईन अंक भरने का प्रोग्राम विकसित किया गया।

## दीक्षान्त समारोह

- ❖ विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2004 से 2018 तक की उपाधियों का वितरण किया जा चुका है।
- ❖ दिनांक 26 दिसम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ जिसमें परीक्षा वर्ष 2018 की 97806 उपाधि, 01 कुलपति पदक, 50 स्वर्ण पदक, 72 विद्या-वाचस्पति उपाधि प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय ने की। दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय अध्यक्ष, लोकसभा श्री ओम बिरला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार श्री भंवर सिंह भाटी उपस्थित हुए।



Scanned with CamScanner

# संस्थागत विकास

❖ 31 जनवरी, 2020 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर परिसर में नव-निर्मित निम्नलिखित भवनों एवं पार्को का लोकार्पण श्रीमान् बी.डी. कल्ला, माननीय ऊर्जा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, राजस्थान सरकार एवं श्रीमान् भंवर सिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार के कर-कमलों से किया गया :-

(1) महर्षि गौतम स्टॉफ रेजीडेन्सी
(2) नचिकेता छात्रावास
(3) महर्षि कश्यप भवन (कुलपति निवास)
(4) कुलसचिव आवास
(5) स्वामी विवेकानन्द आर्ट ग्लेरी एण्ड म्युजियम
(6) इको पार्क
(7) रम्मत पार्क
(8) परिसर का मुख्य द्वार

परिसर में निर्मित होने वाले महर्षि कपिल इनोवेशन सेन्टर का शिलान्यास किया गया।

❖ **श्री राजीव गाँधी विद्यार्थी सुविधा केन्द्र का लोकार्पण :-** विश्वविद्यालय परिसर में बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए दिनांक 27 जून, 2020 को **"श्री राजीव गाँधी विद्यार्थी सुविधा केन्द्र"** का शुभारम्भ डॉ. बी.डी. कल्ला, माननीय ऊर्जा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, राजस्थान सरकार, श्रीमान् भंवर सिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा किया गया। विद्यार्थी सुविधा केन्द्र में छात्र-छात्राओं के लिए पृथक्-पृथक आवश्यक सुविधाएं, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फोटो स्टेट, केन्टिन आदि उपलब्ध रहेगी।

❖ **विधि भवन एवं सामाजिक विज्ञान भवन का लोकार्पण : :-** विश्वविद्यालय परिसर में अत्याधुनिक सुविधायुक्त 12.00 करोड़ की लागत से विधि भवन एवं सामाजिक विज्ञान भवन निर्मित करवाये गए। उक्त दोनो भवनों का लोकार्पण दिनांक 04-12-2020 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान श्री कलराज मिश्र एवं माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय ऊर्जा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्री भंवर सिंह जी भाटी एवं विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।



Scanned with CamScanner

❖ **विश्वविद्यालय परिसर में पानी की आपूर्ति हेतु एम.ओ.यू. :-** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर परिसर में पीने के पानी का नितान्त अभाव होने के कारण 03-09-2020 को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एवं विश्वविद्यालय के मध्य 1.70 करोड की राशि का एम.ओ.यू. सम्पादित हुआ जिसके अन्तर्गत 06 कि.मी. लम्बी डी.आई.के. 7 पाइप लाईन डालकर पानी की आपूर्ति की जाएगी। उक्त योजना से विश्वविद्यालय परिसर में पानी की निरन्तर आपूर्ति हो सकेगी एवं परिसर भी हरा-भरा हो सकेगा।

❖ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में 1,100/- नवीन पौधे लगाये गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने समस्त शिक्षकों, कार्मिकों एवं विद्यार्थियों को वृक्षारोपण करने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने की भी शपथ दिलाई। साथ ही परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए ग्रीन ऑडिट कमेटी का गठन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर को पांच भागों में बांटकर इस वर्ष 10,000 नवीन पौधे लगाये जाने की योजना तैयार की गई।

## खेलकूद

❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा 02 जनवरी, 2020 से लगातार तीसरे वर्ष अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय साईक्लिंग रोड़ रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर उक्त प्रतियोगिता आयोजित करने की हैट्रिक बनाई । यह विश्वविद्यालय राजस्थान का प्रथम विश्वविद्यालय है जिसे अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन का जिम्मा मिला है।

❖ अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय साईक्लिंग रोड़ रेस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 50 टीमों के लगभग 250 खिलाड़ी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा 54 कि.मी. एवं 100 कि.मी. में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर चैम्पियन का खिताब हासिल किया गया।

❖ विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में 145 पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस सत्र में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय बाक्सिंग महिला प्रतियोगिता में



Scanned with CamScanner

इस विश्वविद्यालय की खिलाड़ी ललिता ने स्वर्ण पदक के साथ प्रतियोगिता की बेस्ट बॉक्सर का खिताब भी प्राप्त किया। वर्तमान में ललिता भारतीय दल में मेरिकोम के साथ कैम्प प्रशिक्षण ले रही है। इसी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय खिलाड़ी शीतल ने कॉस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

❖ 15 अगस्त, 2020 को अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में इस विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को राशि रू. 31,000/-, रजत पदक विजेता खिलाड़ियों को राशि रू. 21,000/- एवं कांस्य पदक विजेता टीम को राशि रू. 11,000/- के पुरस्कार प्रदान किए गए।

## विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गए गांव का विकास

❖ माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र एवं माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी की प्रेरणा से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अन्तर्गत गोद लिये गए गांव नॉल बडी में दिनांक 16-09-2020 को ''कोरोना जागरूकता शिविर'' का आयोजन किया गया है। इस अभियान के माध्यम से विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने ग्रामीणों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए ''एक-दूसरे से दो गज की दूरी रखना, बिना मास्क के बाहर नहीं निकलना, बार-बार साबुन से हाथ धोना, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं थूकना आदि सुरक्षा उपायों की पूर्ण पालना करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने ग्रामवासियों एवं बच्चों को मास्क, सेनेटाइजर एवं साबुन वितरित कर उनका निरन्तर उपयोग करने हेतु अपील की। साथ ही नाल बड़ी गांव को सेनेटाइज करवाया गया।

## एम.ओ.यू.

❖ राजस्थान राज्य आई.एल.डी. विश्वविद्यालय के साथ एम.ओ. यू. :- कोविड-19 महामारी से उच्च, तकनीकी एवं कौशल शिक्षा में आए गतिरोध को कम करने एवं विद्यार्थियों को शिक्षा से निरन्तर जोड़कर उनके शैक्षणिक एवं कौशल शिक्षा के उन्नयन को बनाये रखने के उद्देश्य से जून, 2020 में राजस्थान राज्य आई.एल. डी. विश्वविद्यालय से एम.ओ.यू. सम्पादित हुआ।

❖ दिनांक 05-09-2020 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह एवं स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. आर.पी. सिंह ने विश्वविद्यालयों के विकास की गतिविधियों को साझा करते हुए एक एम.ओ.यू. सम्पादित हुआ जिसके अन्तर्गत महाराजा गंगा सिंह



Scanned with CamScanner

विश्वविद्यालय, बीकानेर परिसर को हरा-भरा बनाने हेतु कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा अन्य गतिविधियों में कृषि विश्वविद्यालय का सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## वेबिनार का आयोजन

- महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 04 अगस्त, 2020 को ''राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः एक परिचर्चा'' विषय पर ऑनलाईन वेबिनार आयोजित कराई गई। उक्त वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालस, वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश शुक्ला रहे। कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में प्राचीन शिक्षा पद्धति में शिक्षक की महत्ता को उजागर करते हुए कहा कि एक शिक्षक अनेक विधाओं में निपुण होता था तथा शिक्षार्थी के लिए एक रोल मॉडल का कार्य करता था।
- महाराजा गंगा सिंह विवविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 05 सितम्बर, 2020 को वेस्ट वैर्जिनिया विश्वविद्यालय, अमेरिका के सहयोग से "इन्टरनेशनल वल्चर अवेयरनेस डे 2020" मनाया गया। इस अवसर पर भारत में गिद्धों के वर्तमान परिदृश्य विषय पर ऑनलाईन अन्तर्राष्ट्रीय सिपोजियम का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश की 123 संस्थानों से 490 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर विश्वविद्यालय कुलपति महोदय प्रो. विनोद कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्तरीय संस्थानों के सहयोग से गिद्धों एवं वन्य जीवों को बचाने के लिए शोध कार्यो को बढावा दिया जाना चाहिए। साथ ही कुलपति ने वर्तमान उपलब्ध तकनीकी संसाधनों जैसे जी.आई.एस., रेडियो टेलिमेटरी सेटेलाइट ट्रांसमीटरों आदि का उपयोग किया जाएगा। उक्त सिपोजियम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जोनाथन हॉल, डिपार्टमेन्ट ऑफ ज्योग्राफी, वर्जिनिया विश्वविद्यालय, मॉर्गन टाउन, अमेरिका द्वारा 'वल्चर मूवमेन्ट इकॉलोजी इन ह्यूमन डोमिनेटेड लेण्डस्केप' विषय पर व्याख्यान दिया।

- महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा दिनांक 05-23 सितम्बर, 2020 की अवधि में नवीन शिक्षा नीति पर गठित माईक्रो टॉस्क फोर्स द्वारा नवीन शिक्षा नीति पर लेक्चर सीरिज का आयोजन किया गया। विभिन्न विषयों पर गहन मंथन किया गया कार्यक्रम अध्यक्ष विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में नवीन शिक्षा नीति में सतत व व्यापक मूल्यांकन की महत्ता को रेखांकित



Scanned with CamScanner

किया । प्रो. सिंह ने इस लेक्चर सीरिज में शिक्षाविद्रों से प्राप्त होने वाले सुझावों की इकजाई रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

❖ **"कोरोना महामारी गाँधीवादी दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन** :- महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर, 2020 को "राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 151 वीं जयन्ती पर "कोरोना महामारी गाँधीवादी दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। उक्त बेबिनार में डॉ. बी.डी. कल्ला, माननीय ऊर्जा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, श्रीमान् भंवर सिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, वरिष्ठ साहित्यकार एवं गाँधीवादी चिन्तक प्रो. नन्दकिशोर आचार्य, प्रो. सतीश राय, प्रबन्ध बोर्ड सदस्य एवं विधायक श्रीमती कृष्णा पूनियां, प्रबन्ध बोर्ड सदस्य डॉ. विनोद चन्द्रा, प्रो. लक्ष्मी शर्मा, प्रो. कृपाशंकर तिवाडी आदि ने भाग लिया । वेबिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने की।

❖ दिनांक 03 अक्टूबर, 2020 महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा "महाराजा गंगा सिंह मेमोरियल व्याख्यानमाला" का ऑनलाईन आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलाधिपति एवं अध्यक्ष, भारतीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्था प्रो. कपिल कपूर रहे। कार्यक्रम में महाराजा गंगा सिंह जी के जीवनवृत्त पर अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य एवं इतिहासविद् प्रो. बी.एल. भादाणी ने प्रकाश डाला।

❖ कोविड-19 महामारी से बचाव सम्बन्धी उपायों पर परिचर्चा :-
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 को "कोविड महामारी से बचाव सम्बन्धी उपायों पर ऑनलाईन परिचर्चा का आयोजन किया गया। उक्त परिचर्चा में कोविड-19 के वर्तमान परिपेक्ष्य एवं इम्युनीटि बढाने में पोषण की भूमिका विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को कोविड-19 से बचाव हेतु दस सूत्री शपथ दिलवाई गई।

❖ **राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरूष एवं आयरन लेडी का स्मरण किया गया** :- महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा दिनांक 31-10-2020 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर ऑनलाईन कार्यक्रमों का आयोजन किया



Scanned with CamScanner

गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल और श्रीमती इंदिरा गांधी के अखंड भारत बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

❖ **"हारेगा कोरोना जीतेगा बीकानेर :-** राज्य सरकार द्वारा संचालित हारेगा कोरोना-जीतेगा बीकाणा अभियान के अन्तर्गत दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में **"प्रतिज्ञा"** कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम में श्री भंवर सिंह भाटी, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार एवं विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह द्वारा विश्वविद्यालय कार्मिकों एवं विद्यार्थियों को कोरोना बचाव के सम्बन्ध में शपथ दिलवाई गई।



Scanned with CamScanner

7. **भावी योजना वित्तीय वर्ष (2020-21) :**

- ❖ राज्य सरकार से नवीन रोजगारोन्मुखी विभागों की स्वीकृति उपरान्त प्रारम्भ करना।
- ❖ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति उपरान्त महाविद्यालय विकास परिषद (सी.डी.सी.) एवं मानव संसाधन विकास केन्द्र(एच.आर.डी.सी.-शिक्षकों/कार्मिकों के उन्नयन एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए) की स्थापना।
- ❖ विश्वविद्यालय का NAAC से निरीक्षण करवाना।
- ❖ विश्वविद्यालय में नव-स्थापित सेन्टर्स को सम्बन्धित क्षेत्र में स्थापित उपक्रमों से सम्पर्क स्थापित कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित करना।
- ❖ माइक्रो रिसर्च एवं बहु-संख्यक विषयों में शोध को बढ़ावा देना।
- ❖ विश्वविद्यालय में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने की दृष्टि से ऑनलाईन दस्तावेजों के प्रमाणीकरण (सत्यापन) की प्रक्रिया प्रारम्भ करना।
- ❖ इण्डोर स्टेडियम, ऑडिटोरियम एवं साईक्लिंग वैलोडम का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना।
- ❖ विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक संवर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रदान करने की योजना।
- ❖ विश्वविद्यालय के स्वयं परिनियम, आर्डिनेंस एवं नियम बनाने की कार्यवाही पूर्ण करना।
- ❖ विश्वविद्यालय द्वारा Placement Policy निर्धारित कर विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं यथा Startup India, Stand up India, Make in India इत्यादि के अनुरूप स्व-रोजगार के लिए विद्यार्थियों को सहायता करने की योजना।

8. **संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण** : विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण निम्न प्रकार है :

| संकाय | पाठ्यक्रम/विषय |
|---|---|
| विज्ञान | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित, भू-गर्भ विज्ञान, जैव-तकनीकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, सूचना तकनीकी, सैन्य विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं खाद्य एवं पोषण विज्ञान। |
| वाणिज्य | लेखा एवं व्यवसासिक सांख्यिकी, आर्थिक एवं वित्तीय प्रबन्धन एवं व्यवसायिक प्रशासन। |
| कला | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजस्थानी, उर्दू, पंजाबी, संगीत, दर्शनशास्त्र, चित्रकला। |
| सामाजिक | लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, |



Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **विज्ञान** | समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, परिधान उत्पादन एवं निर्यात प्रबन्धन, जैन विद्या एवं जीवन विज्ञान। |
| **विधि** | एलएल.बी., एलएल.एम. , पांच वर्षीय बी. ए. एल एल.बी. इन्टीग्रेटेड एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम। |
| **शिक्षा** | बी.एड., बी.पी.एड., एम.एड., बी.एससी. बी.एड./बी.ए. बी.एड. (चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम, विशेष बी.एड., चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम। |

कुलसचिव



Scanned with CamScanner